RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



गैस सिलेंडर हो गये, बड़ी कीमती चीज।
चोरी इसकी हो गई, भैया बड़ी लजीज।
भैया बड़ी लजीज, चोर सोते से जागे।
रुपया गहना भूल, सिलेंडर लेकर भागे।
कह साहिल कविराय, आप भी दे दें टेंडर।
बड़ी कीमती चीज, आजकल गैस सिलेंडर।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 87 | WEDNESDAY 08-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



Uturn Time 08 Apr 2026_Layout 2 07-Apr-26 11:15 PM Page 2








# चिन्नी मर्डर केस में सनसनीखेज खुलासा: जनवरी में रची गई थी साजिश, हथियार फेल होने से बचा, 18 मार्च को दी गई वारदात को अंजाम

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। सेक्टर-9 में प्रॉपर्टी डीलर चमनप्रीत सिंह उर्फ चिन्नी हत्याकांड की जांच में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। क्राइम ब्रांच की पड़ताल में पता चला है कि इस हाई-प्रोफाइल मर्डर की साजिश जनवरी महीने में ही रच ली गई थी, लेकिन उस समय शूटरों को दिया गया हथियार फेल हो जाने के कारण वारदात टल गई। पुलिस के अनुसार, जनवरी में आरोपी राहुल शर्मा कजहेड़ी इलाके में शूटर पीयूष पहलवान को पिस्टल देने पहुंचा था। मौके पर हथियार का परीक्षण भी किया गया, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते गोली नहीं चल सकी। इसके बावजूद आरोपियों ने पूरी रेकी कर ली थी और सही मौके का इंतजार करते हुए योजना को कुछ समय के लिए टाल दिया। करीब दो महीने बाद 18 मार्च को उसी साजिश को अंजाम देते हुए चिन्नी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जांच में सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे गैंगस्टर लक्की पटियाल और मलोया निवासी मुकुल राणा की मुख्य भूमिका थी।



## वारदात में इस्तेमाल की गई

आर-15 बाइक भी चोरी की थी, जिसे पहले डड्डूमाजरा में छिपाया गया और फिर कजहेड़ी लाया गया। सेक्टर-38 के पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद शूटरों को बाइक, हथियार और 20 हजार रुपये सौंपे गए। हथियार और कारतूस बाइक की सीट के नीचे छिपाकर रखे गए थे।

## फंडिंग और लॉजिस्टिक्स का बड़ा नेटवर्क उजागर

क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ है कि मुकुल राणा ने राहुल शर्मा को हत्या के लिए पैसे जुटाने का जिम्मा सौंपा था। राहुल ने दो चरणों में करीब ढाई लाख रुपये (1.30 लाख और 1.20 लाख) इकट्ठा किए, जिसे बाद में मनी एक्सचेंज के जरिए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराया गया। पुलिस को आशंका है कि यही रकम हत्या में इस्तेमाल हुई।

## जंगी ऐप से चलता था पूरा नेटवर्क

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के बीच बातचीत के लिए 'जंगी' नाम के मोबाइल एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। मुकुल राणा ने ही राहुल को यह ऐप डाउनलोड करवाया था, जिसके जरिए वह गैंगस्टर लक्की पटियाल और अन्य सदस्यों के संपर्क में रहता था।

सूत्रों के मुताबिक, मुकुल राणा विदेश में बैठकर इस पूरे नेटवर्क को ऑपरेट कर रहा था, जबकि चंडीगढ़ और ट्राईसिटी में उसके गुर्गे सक्रिय थे।


## पहले ही हो चुकी हैं गिरफ्तारियां

हत्याकांड के बाद पंजाब एजीटीएफ ने पीयूष और प्रीतम को कैथल से गिरफ्तार किया था, जहां मुठभेड़ के दौरान दोनों घायल भी हुए थे। पुलिस ने अब इस केस में कई अहम कड़ियों को जोड़ते हुए अन्य संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। यह मामला ट्राईसिटी में सक्रिय गैंगस्टर नेटवर्क और संगठित अपराध की गहरी जड़ों की ओर इशारा कर रहा है।

# सशक्त भारत के लिए महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्ध भाजपा : राशि अग्रवाल



नवीन गोगना



लुधियाना/युटर्न / 7 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस की पंजाब को- इंचार्ज राशि अग्रवाल जिनको पंजाब के सात जिलों का दायित्व सौंपा गया है ओर उनके नेतृत्व में भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस पंजाब के सातों जिलों में स्थापना दिवस उत्साह व उल्हास के साथ मनाया गया गया जिसमें उन्होंने मलेरकोटला ,मोगा ,फरीदकोट में आयोजित समारोह में व्यक्तिगत रूप में सम्मिलित होकर और कार्यकताओं के साथ मिलकर इस खास दिन को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया ।मालेरकोटला में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रधान जगत कथूरिया, वरिष्ठ नेता गेजा राम वाल्मीकि, महिला मोर्चा जिला प्रधान श्वेता, अंकुर इसके उपरांत मोगा व फरीदकोट में राशि अग्रवाल ने कार्यक्रम में शिरकत की, जहां जिला प्रधान डॉ. हरजोत कमल,गौरव कक्क्ड़ ( प्रधान फरीदकोट), जनरल सेक्रेटरी भाजपा पंजाब अनिल सरीन तथा समस्त भाजपा जिला परिवार के साथ मिलकर स्थापना दिवस को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर राशि अग्रवाल ने एकता, सेवा और समर्पण का संदेश देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया ओर कहा भाजपा ह्यराष्ट्र सर्वोपरि के मूल मंत्र के साथ विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। इस संकल्प को साकार करने में देश की मातृशक्ति की भागीदारी और उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत बना रही हैं। भाजपा सरकार की नीतियां महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रही हैं। राशि अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए 'राष्ट्र प्रथम' केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी कार्यशैली और विचारधारा का मूल आधार है।

# मिशन सेफ ड्राइविंग: डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने एक बुलेट पर 4 युवकों को बिना हेलमेट देख लिया तुरंत एक्शन, 3 हजार का चालान थमाया

पंचकूला/यूटर्न/07 अप्रैल। पंचकुला पुलिस अब शहर की सड़कों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और हुड़दंगबाजी करने वाले स्टंटबाजों के खिलाफ बेहद सख्त रुख अख्तियार कर चुका है। इसी कड़ी में, पंचकूला-यमुनानगर नेशनल हाईवे पर नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने वाले युवकों पर पुलिस की गाज गिरी है। दरअसल 6 अप्रैल को डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह अपने सरकारी वाहन से सेक्टर-25 के समीप से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर एक बुलेट मोटरसाइकिल पर पड़ी। इस बाइक पर न केवल यातायात नियमों को दरकिनार किया गया था, बल्कि बिना हेलमेट पहने चार युवक सवार होकर जान जोखिम में डाल रहे थे। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने तुरंत इस लापरवाही का संज्ञान लिया और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त बुलेट मोटरसाइकिल की फोटो के





आधार पर संबंधित वाहन का 3,000 का चालान काट दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साथ ही सख्त रुख अपनाते हुए कहा: सड़कें स्टंटबाजी या हुड़दंग दिखाने की जगह नहीं हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना और 'सेफ ड्राइविंग' की संस्कृति को विकसित करना है। हम जल्द ही एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसके तहत हुड़दंगबाजों और स्टंटबाजों पर नकेल कसी जाएगी। इसके लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक नाकाबंदी की जाएगी और नियमों को तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

युवाओं को एक कड़ा और प्रेरणादायक संदेश देते हुए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने कहा कि जोश में आकर होश खोना और नियमों का उल्लंघन करना न केवल आपके लिए, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य निर्दोष लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाएं और सड़क सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझें।

# पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को कांग्रेस सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करने से परहेज करना चाहिए – देशराज गौतम

दलजीत अज्नोहा

ऊना/होशियारपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देशराज गौतम ने भाजपा के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर द्वारा कांग्रेस सरकार के खिलाफ दिए जा रहे बयानों पर कड़ा संज्ञान लिया है। देशराज गौतम ने कहा कि वीरेंद्र कंवर अपनी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने और अपने हाईकमान को खुश करने के लिए बार-बार कांग्रेस पार्टी के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंसूबे कभी भी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है और पिछले करीब 20 वर्षों में जनता ने इनके कामकाज को भली-भांति परख लिया है और उन्हें नकार दिया है। इसलिए भाजपा नेताओं को बेवजह की बयानबाजी करने के बजाय जनता के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 87 | WEDNESDAY 08-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## एवरेस्ट बेस कैंप फतह करके पहुंचे ट्रैकर गुरचरण सिंह का होशियारपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा सम्मान

होशियारपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। एवरेस्ट बेस कैंप फतेह करके होशियारपुर पहुंचे ट्रैकर गुरचरण सिंह का होशियारपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संजीव अरोड़ा जी ने कहा कि गुरचरण सिंह ने बेस कैंप पर झंडा लहराकर होशियारपुर का नाम रौशन किया है। इस मौके पर बातचीत करते हुए ट्रैकर गुरचरण सिंह ने बताया कि उन्होंने 25 मार्च को अपने साथियों सीनियर ट्रैकर हरदीप जौहर टांडा, और तलविंदर सिंह चंडीगढ़ के साथ लुकला नेपाल से एवरेस्ट बेस कैंप के लिए ट्रैक शुरू किया, और काफी मुश्किलों का सामना करते हुए फागडिंग, नामचे बाजार, टेंगबोचे, डिंगबुचे, लिबोचे, गोरखशेप से छठे दिन 5364 मीटर ऊंची एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचकर अपना राष्ट्रीय झंडा तिरंगा लहराकर फतेह के जश्न मनाए, बेस कैंप पर आधा कु घंटा रुककर वापस चल पड़े और तीसरे दिन लुकला पहुंचे जहां से चढ़ना शुरू किया था।

# चंडीगढ़ में 'किताब माफिया' का खेल: स्कूल-दुकान गठजोड़ से अभिभावकों पर बोझ, 45 करोड़ तक पहुंचा कारोबार

अशोक सहगल

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। शहर की शिक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निजी स्कूलों और चुनिंदा किताब विक्रेताओं के कथित गठजोड़ ने 'किताब माफिया' जैसी स्थिति पैदा कर दी है, जहां अभिभावकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। अनुमान है कि किताबों और कॉपियों का यह पूरा नेटवर्क सालाना करीब 45 करोड़ रुपये का कारोबार कर रहा है।



### 'स्पेशल कॉपी' के नाम पर डबल वसूली

मामले का सबसे बड़ा पहलू कॉपियों को लेकर सामने आया है। दुकानदार 'स्कूल ब्रांडेड' कॉपियों के नाम पर विशेष बंडल तैयार कर रहे हैं, जिन पर स्कूल का नाम छपा होता है, लेकिन गुणवत्ता सामान्य कॉपियों जैसी ही रहती है। इसके बावजूद इन्हें दोगुनी कीमत पर बेचा जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि कई स्कूल इन प्रिंटेड कॉपियों, रजिस्टर और डायरी खरीदने का दबाव भी बनाते हैं, जबकि नियमों के अनुसार स्कूल सिर्फ स्टिकर उपलब्ध करा सकते हैं।

### वेबसाइट पर लिस्ट डालने का आदेश भी बेअसर

चंडीगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन की शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को किताबों की सूची वेबसाइट पर डालने के निर्देश दिए थे, ताकि मोनोपॉली खत्म हो सके। शुरूआती दौर में कुछ स्कूलों ने इसका पालन नहीं किया, जिन्हें नोटिस जारी किए गए। हालांकि सूची सार्वजनिक होने के बावजूद कई किताबें अब भी सीमित दुकानों पर ही मिल रही हैं। कुछ मामलों में ऐसे पब्लिशर सामने आए हैं, जिनका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड तक नहीं है।

### अभिभावकों का दर्द: 'कोई विकल्प नहीं, मजबूरी में खरीद'

अभिभावकों का कहना है कि वे दूसरी जगह से किताबें मंगवाने की कोशिश करते हैं, लेकिन उपलब्धता न होने के कारण अंततः महंगी दरों पर खरीदना पड़ता है। कई अभिभावकों ने हजारों रुपये खर्च होने की बात कही है, जिसमें सबसे ज्यादा अंतर कॉपियों की कीमत में देखने को मिलता है।

### करोड़ों का खेल—चौंकाने वाला गणित

- **शहर में प्राइवेट स्कूल:** 83
- **प्रति स्कूल औसत छात्र:** 900
- **प्रति छात्र औसत किताब खर्च :** 6000
- **कुल अनुमानित कारोबार:** 44.82 करोड़

### प्रशासन का दावा, कार्रवाई जारी

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार सभी स्कूलों को नोटिस जारी किए गए थे और किताबों की सूची पहले ही वेबसाइट पर डलवाई गई थी। बावजूद इसके मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और इस 'सिंडिकेट' को खत्म करने के प्रयास किए जाएंगे। इस पूरे मामले ने साफ कर दिया है कि चंडीगढ़ में शिक्षा के नाम पर एक संगठित आर्थिक तंत्र काम कर रहा है, जिसे तोड़ना अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

### नियमों के बावजूद जारी 'मोनोपॉली'

शिक्षा विभाग के निर्देशों के मुताबिक स्कूल किसी एक दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। कई स्कूलों के कोर्स की किताबें केवल एक या दो दुकानों पर ही उपलब्ध हैं, जिससे अभिभावकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता और उन्हें मजबूरी में ऊंची कीमत चुकानी पड़ती है।

## नशे के तौर पर इस्तेमाल होने वाली प्रेगाबालिन व अल्प्राजोलाम दवाइयाँ की जब्त

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 7 अप्रैल। ड्रग कंट्रोल विभाग ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कनेजा क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर निरीक्षण करने के दौरान प्रतिबंधित दवाइयां जप्त की है मौके पर केमिस्ट द्वारा हिंदी भाइयों का खरीद रिकॉर्ड पेश करने पर ड्रग कंट्रोल विभाग ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।



निरीक्षण के दौरान फर्म में प्रेगाबालिन एवं अल्प्राजोलाम साल्ट युक्त नौ प्रकार की एलोपैथिक दवाइयाँ स्टॉक में पाई गईं। हालांकि, फर्म द्वारा इन दवाइयों के आवश्यक खरीद रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए गए, जो कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत अनिवार्य है। इस उल्लंघन को देखते हुए लगभग ₹47,640/- मूल्य की दवाइयों को मौके पर ही ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया। ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी, लुधियाना-3 नवदीप संधू ने बताया कि ऐसी कारवाइयां आगे भी जारी रहेंगे और एक्ट के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ॐ

द्वितीय पुण्यतिथि



1963-2024

हमारे पूजनीय

श्री राजेश आर्य जी

(चेयरमैन, ओम स्टील इंडस्ट्रीज़)

(सुपुत्र स्व. श्री राम दयाल आर्य एवं स्व. श्रीमती संयोगिता आर्य)

जो आज के दिन तिथि 08.04.2024 को हमें छोड़कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे। हम उनके चरणों में अपने श्रद्धासुमन भेंट करते हैं और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराते हैं।

स्मृति में

आर्य परिवार

तुली, मागो, मल्होत्रा, डावर, सप्रा परिवार

OM STEEL INDUSTRIES, LUDHIANA

M: 95011-00493, 95011-00494

# पंजाब के कई शहरों में बारिश, चंडीगढ़ में चल रही ठंडी हवाएं, कई जगह बिजली गुल

मोहाली/यूटर्न/7 अप्रैल। मंगलवार को पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम बदल गया है। लुधियाना समेत पंजाब के कई जिलों में बारिश हुई। जबकि चंडीगढ़ में तेज हवाएं चल रही हैं, जिससे मौसम ठंडा हो गया है। आंधी की वजह से राज्य के कई जिलों में बिजली भी प्रभावित हुई। वहीं, मौसम विभाग ने बुधवार को भी आंधी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई हैं। इस दौरान 40 से 50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की बात कही गई है। राज्य के औसत



अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यह सामान्य से 1.6 डिग्री नीचे बना हुआ है। सबसे अधिक तापमान 32.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

### 13 जिलों में आंधी और ओलावृष्टि

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के पहाड़ों पर पहुंचने के बाद मौसम बदला है। लगभग सभी जिलों का मौसम इस दौरान प्रभावित होगा। 13 जिलों में ओलावृष्टि और आंधी, जबकि अन्य जिलों में सिर्फ आंधी और बिजली की संभावना है। इस दौरान नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और मोहाली में आंधी चलेगी। जबकि पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, बठिंडा, बरनाला, मानसा, संगरूर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, मोगा, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और मोहाली में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना भी है।

# पंचकूला पुलिस ने 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 48 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार



पंचकूला/यूटर्न/07 अप्रैल। पंचकूला के अमरावती पुलिस चौकी ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। अमरावती चौकी इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर प्रीतम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने 4 अप्रैल को दी शिकायत के अनुसार उसकी 13 वर्षीय बेटी किसी युवक के साथ घूमने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान, लापता लड़की को बरामद करने के बाद जब पीड़िता के बयान माननीय न्यायालय के समक्ष दर्ज कराए गए, तो मामले में यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई, जिसके बाद मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धारा 6 भी जोड़ी गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में पंजाब में रह रहा था, पीड़िता को फुसलाकर चंडीगढ़ स्थित होटल ले गया था। पी/एसआई पूजा की अगुवाई में पुलिस टीम ने फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां से महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए। आरोपी को 6 अप्रैल को खड़क मंगोली, माजरी चौक के पास से काबू किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने और घटनास्थल की निशानदेही करवाने के बाद पुलिस ने उसे आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता: इस मामले में शिकायत मिलते ही हमारी टीम ने तत्परता दिखाई और आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। हमारी फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सभी तकनीकी और जैविक साक्ष्य जुटा लिए हैं ताकि कोर्ट में आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके। समाज में बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम सुनिश्चित करेंगे कि पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय मिले। किसी भी अपराधी को कानून से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# ऑपरेशन 'म्यूल हंट' के तहत बड़ी कार्रवाई, चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। संगठित साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन म्यूल हंट' के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, यूटी चंडीगढ़ ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल हो रहे म्यूल बैंक खातों के दुरुपयोग से जुड़े दो मामलों में की गई है। पुलिस के अनुसार ये मामला थाना साइबर क्राइम चंडीगढ़ में दर्ज एफआईआर नंबर 51 और 52 (दिनांक 5 अप्रैल 2026) से संबंधित हैं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज कुमार, जय किशन सिंह , मुबारक अली ,पियूष पांडे के रूप में हुई हैं।

जांच में सामने आया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) और गृह मंत्रालय से मिली जानकारी के आधार पर चंडीगढ़ के कई बैंक खाते देश के विभिन्न राज्यों—दिल्ली, तमिलनाडु, गोवा, मुंबई, गुजरात



आदि—में दर्ज साइबर ठगी मामलों से जुड़े पाए गए। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि ये बैंक खाते सामान्य लेन-देन के बजाय 'म्यूल अकाउंट' के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे थे। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने लालच में आकर अपने बैंक खाते अज्ञात लोगों को सौंपे थे। इन खातों में ठगी की रकम जमा होती थी, जिसे आगे ट्रांसफर या नकद निकालकर असली ठगों तक पहुंचाया जाता था। इसके बदले उन्हें कमीशन दिया जाता था।

जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि चंडीगढ़ के ये खाते एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड नेटवर्क का हिस्सा थे। बैंक ट्रांजैक्शन के जरिए आरोपियों की भूमिका की पुष्टि हुई है। यह कार्रवाई एसपी साइबर गीता जंजली खंडेलवाल के निर्देशन, डीएसपी साइबर क्राइम एवं आईटी के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी सेक्टर-17 की निगरानी में की गई।

### पुलिस की जनता से अपील:

साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी, यूपीआई या अन्य वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी लालच या कमीशन के बदले अपने खाते का इस्तेमाल करने देना अपराध है और इसमें कड़ी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। संदिग्ध लेन-देन या साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

# अक्टूल्स पर सख्ती: पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, फैसले लिखने में ChatGPT समेत सभी एआई प्लेटफॉर्म पर रोक

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। न्यायिक व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते दखल के बीच पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा और सख्त फैसला लेते हुए अदालतों में एआई टूल्स के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी न्यायिक अधिकारी फैसले लिखने या कानूनी शोध के लिए ChÔtGPT, Gemini, Microsoft Copilot या Meta जैसे एआई प्लेटफॉर्म का उपयोग नहीं करेगा।

यह आदेश सोमवार को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को भेजा गया। निर्देश मुख्य न्यायाधीश के आदेशों के तहत जारी किए गए हैं, जिनमें अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियों को एआई टूल्स से पूरी तरह दूर रहने को कहा गया है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ चेतावनी दी है कि यदि कोई न्यायिक अधिकारी इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो इसे गंभीर कदाचार माना जाएगा और उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




### न्यायिक विश्वसनीयता पर जोर

हाईकोर्ट ने कहा कि यह फैसला न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। अदालत ने यह भी माना कि एआई से तैयार सामग्री की सटीकता, स्रोत की प्रामाणिकता और कानूनी वैधता को लेकर गंभीर चिंताएं बनी हुई हैं।

### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

एआई टूल्स के उपयोग को लेकर देशभर में बहस जारी है। कई मामलों में एआई द्वारा गलत या अप्रमाणित जानकारी देने के उदाहरण सामने आ चुके हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होने का खतरा बना रहता है।

### गुजरात हाईकोर्ट भी ले चुका है ऐसा फैसला

गौरतलब है कि इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट भी न्यायाधीशों और अदालत कर्मियों के लिए आदेश और फैसले तैयार करने में एआई के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा चुका है। इस फैसले को न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता और भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

III बुधवार, 08 अप्रैल 2026



पेज 12 ईरान के हमलों से दुबई के प्रॉपर्टी बाजार में गिरावट, यूएई ने ईरानियों...

## खेल भारती पंजाब का नशा मुक्त पंजाब अभियान में सराहनीय योगदान



दलजीत अज्नोहा


होशियारपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। नशा मुक्त पंजाब के निर्माण की दिशा में खेल भारती पंजाब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्था द्वारा खेलों को एक प्रभावी माध्यम बनाकर युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अरविंद सिंह राणा, अध्यक्ष खेल भारती पंजाब ने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने का सबसे प्रभावी साधन हैं। उन्होंने बताया कि जब युवा खेल गतिविधियों में भाग लेते हैं तो वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाते हैं और नशे जैसी बुरी प्रवृत्तियों से दूर रहते हैं।

## जगरांध में दो गिरफ्तार, 265 ग्राम हेरोइन बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अप्रैल। नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ पुलिस ने जगरांव क्षेत्र में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 265 ग्राम हेरोइन और एक आई-20 कार बरामद की गई है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत काफी अधिक आंकी जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करमजीत सिंह उर्फ कर्मू निवासी गांव अखाड़ा और अनमोल सिंह उर्फ कट्टा निवासी मोरी गेट के पास, के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए सीआईए स्टाफ के जांच अधिकारी एसआई गुरसेवक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मलक चौक क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कोठे खजूरा रोड स्थित श्मशानघाट के पास विशेष नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद एक संदिग्ध आई-20 कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 265 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। सीआईए स्टाफ पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना सिटी जगरांव में मामला दर्ज करवाया।



Uturn Time 08 Apr 2026_Layout 2 07-Apr-26 11:15 PM Page 6



# श्री दंडी स्वामी मंदिर से मां चिंतपूर्णी दरबार के लिए रवाना होगा जत्था

लुधियाना/यूटर्न/7 अप्रैल। श्री सिद्धपीठ सेवा परिवार, लुधियाना द्वारा मां भगवती की भव्य चौकी एवं मंगलमय यात्रा का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन मां चिंतपूर्णी मंदिर के दरबार में पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इसी उपलक्ष्य में सोमवार को सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में सेवादारों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 8 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे जत्था श्री सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर से मां चिंतपूर्णी दरबार के लिए रवाना होगा। इस धार्मिक यात्रा में शहर और आसपास के क्षेत्रों से करीब 800 श्रद्धालु बसों और कारों से शामिल होगे। मां के दरबार में दर्शनों के पश्चात शाम को भव्य चौकी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें




श्रद्धालु सामूहिक रूप से मां भगवती का गुणगान करेंगे। इस आयोजन में मां चिंतपूर्णी दरबार के मुख्य पुजारी श्री जनक राज कालिया जी और श्री भूषण कालिया जी विशेष रूप से उपस्थित रहकर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। वहीं, भजन संध्या में अश्वनी ग्रोवर, सोमनाथ बब्बू, बृज मोहन डिंगरा और सुनील कालिया सहित अन्य कलाकार महामाई का गुणगान करेंगे। आयोजकों ने बताया कि जो श्रद्धालु अपनी निजी गाड़ियों से यात्रा में शामिल होना चाहते हैं, वे सीधे मां चिंतपूर्णी दरबार पहुंच सकते हैं।

## जीएचजी अकादमी में मानचित्र अंकन प्रतियोगिता आयोजित



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अप्रैल। जी.एच.जी अकादमी, जगरांव में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए एक मानचित्र अंकन (Map Marking) प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपने भौगोलिक ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की विश्व भूगोल की समझ को बढ़ाना और मानचित्रों पर देशों, राज्यों, राजधानियों तथा महत्वपूर्ण स्थानों की पहचान करने की उनकी क्षमता में सुधार करना था। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को कोरे मानचित्र दिए गए और उनसे एक निर्धारित समय सीमा के भीतर विशिष्ट स्थानों को अंकित करने के लिए कहा गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया, और अपने कार्य में सटीकता, गति तथा स्पष्टता का प्रदर्शन किया।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### दुनिया भर में सबसे Manners full देश के राष्ट्रपति के सबसे manners less बोल।

अमेरिका को अक्सर दुनिया का सबसे विकसित और शिष्ट देश माना जाता है, जहाँ लोगों के व्यवहार और नियमों की बहुत प्रशंसा की जाती है। वहाँ 'मैनर्स' यानी शिष्टाचार को बहुत महत्व दिया जाता है-जैसे लाइन में लगना, थैंक यू और सॉरी कहना, और दूसरों की प्राइवेसी का सम्मान करना। लेकिन जब हम गहराई से देखते हैं, तो एक अलग तस्वीर भी सामने आती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका कई बार ऐसे फैसले लेता है जो शांति के बजाय तनाव को बढ़ाते हैं। अन्य देशों के खिलाफ उसकी नीतियाँ और कार्रवाइयाँ यह दिखाती हैं कि उसके कथित अच्छे व्यवहार के पीछे ताकत और स्वार्थ की राजनीति भी छिपी हो सकती है। हाल ही में इरान और अन्य देशों के खिलाफ ट्रम्प के वचन उनके शिष्टाचार को अच्छे से दर्शा रहे हैं बची खुची कसर तो ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर इरान को गालियाँ देकर दिखा ही दी है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिर्फ बाहरी शिष्टाचार ही किसी देश को सबसे mannerful बना सकता है? असल में, किसी भी देश की पहचान उसके लोगों के व्यवहार के साथ-साथ उसके वैश्विक कार्यों से भी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम किसी देश का मूल्यांकन केवल उसकी छवि से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक कार्यों और प्रभाव से करें।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Stamp Paper vs Notarization — असली फर्क क्या है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

अक्सर लोग Stamp Paper और Notarization को एक ही समझ लेते हैं, जबकि दोनों का उद्देश्य और कानूनी महत्व अलग-अलग होता है। Stamp Paper एक प्रकार का सरकारी राजस्व (government revenue) होता है, जिसका उपयोग किसी दस्तावेज को वैध बनाने के लिए किया जाता है—जैसे Agreement, Affidavit, Sale Deed आदि। यह दशार्ता है कि सरकार को उस दस्तावेज के लिए निर्धारित शुल्क दिया गया है। दूसरी ओर, Notarization का मतलब है कि किसी दस्तावेज को Notary Public द्वारा सत्यापित (authenticate) किया गया है। Notary यह सुनिश्चित करता है कि दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति वही है और उसने स्वेच्छा से हस्ताक्षर किए हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर notarized document stamp paper पर हो, और न ही हर stamp paper वाला document notarized हो। दोनों का काम अलग-अलग है—एक revenue से जुड़ा है और दूसरा verification से।
लोग अक्सर सिर्फ notarization करवा कर मान लेते हैं कि उनका document पूरी तरह मजबूत हो गया है, जबकि कई मामलों में proper stamp duty देना भी जरूरी होता है।
निष्कर्ष: Stamp Paper दस्तावेज की वैधता के लिए आवश्यक शुल्क को दशार्ता है, जबकि Notarization दस्तावेज की सत्यता को प्रमाणित करता है। सही कानूनी प्रभाव के लिए दोनों का सही उपयोग समझना जरूरी है।

# पंजाब निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा - मंत्री संजीव अरोड़ा

लुधियाना/यूटर्न/7 अप्रैल। उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, स्थानीय सरकार और बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने मंगलवार को खन्ना, फतेहगढ़ साहिब, मंडी गोबिंदगढ़, दोराहा, पायल और आसपास के क्षेत्रों के उद्योगपतियों के साथ आमने-सामने बातचीत की। उन्होंने उद्योगपतियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। मंत्री अरोड़ा ने कहा कि वर्ष 2025-26 में पंजाब ने अपने इतिहास का सबसे अधिक निवेश प्राप्त किया है, जिससे करीब 35,000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि नई औद्योगिक नीति 2026 को काफी प्रगतिशील बनाया गया है और इसकी अन्य राज्यों द्वारा भी सराहना की जा रही है। अब महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों के उद्योगपति भी पंजाब की नीति में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 2026-27 के लिए निर्धारित 75,000 करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य न केवल हासिल होगा, बल्कि इससे भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और ईंधन नीति का मामला केवल उद्योग विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट से भी जुड़ा हुआ है। सरकार ने आईआईटी से अध्ययन करवाया है और आगे का फैसला





### बिजली ढांचा किया जा रहा मजबूत

मंत्री ने कहा कि पंजाब एक बिजली अधिशेष राज्य है और उद्योगों को पूरी बिजली आपूर्ति दी जा रही है। बिजली ढांचे को मजबूत करने के लिए 5,000 से 6,000 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं और राज्य में एक मिनट का भी पावर कट नहीं होगा। उन्होंने उद्योगपतियों से अधिक से अधिक सोलर प्रोजेक्ट लगाने की अपील की और बताया कि अब वे अपने लोड से 25% अधिक क्षमता तक सोलर प्लांट लगा सकते हैं। साथ ही पावरकॉम में जल्द ही 5000-6000 नई भर्तियां की जाएंगी, जिनमें जेई, लाइनमैन और असिस्टेंट लाइनमैन शामिल होंगे।

### अधूरी पाइपलाइन परियोजना जल्द होगी पूरी

बैठक के दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मंडी गोबिंदगढ़ में अधूरी गैस पाइपलाइन परियोजना को लेकर मंत्री ने डिप्टी कमिश्नर डॉ. सोना थिंद को तुरंत संबंधित कंपनी के साथ बैठक कर जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। उद्योगपतियों की मांग पर जिला उद्योग कार्यालय को लुधियाना की बजाय मंडी गोबिंदगढ़ से जोड़ने का निर्णय भी तुरंत स्वीकार कर लिया गया। ईएसआई अस्पतालों में डॉक्टरों और स्टाफ की कमी को दूर करने का भरोसा दिया गया, जबकि मजदूरों के लिए एलपीजी गैस की कमी को देखते हुए 5 किलो के सिलेंडर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए।

### सरकार का बड़ा लक्ष्य

मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में 85% बिजली हरित स्रोतों जैसे सोलर ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज से उत्पन्न करने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह ने पंजाब सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। डिप्टी कमिश्नर सोना थिंद, एडीसी जशनप्रीत कौर, एडीसी (जनरल) पूजा स्याल ग्रेवाल, एसडीएम स्वाति तिवाना सहित कई अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे। ऑल इंडिया स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद वशिष्ठ सहित अन्य उद्योगपतियों ने कहा कि पहली बार किसी कैबिनेट मंत्री ने न केवल उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर उनका समाधान भी किया।

उसकी रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार उद्योगों का समर्थन करती है, लेकिन पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

# नामी रियल एस्टेट कंपनी पर निवेशक ने लगाए गंभीर आरोप

## चंडीगढ़ बेस्ड कंपनी के ऑफिस बाहर हंगामा, विदाउट रेरा नंबर के बेचे फ्लैट, 2 साल पहले पेमेंट लेकर भी फ्लैट नहीं दिए, निवेशक ने दी सुसाइड की धमकी

लुधियाना/यूटर्न/7 अप्रैल। चंडीगढ़ बेस्ड लुधियाना की नामी रियल एस्टेट कंपनी पर उन्हीं के निवेशक द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिसके चलते निवेशक द्वारा कंपनी के फिरोजगांधी मार्केट के के-10 टावर बिल्डिंग में स्थित मुख्य ऑफिस के बाहर अपने साथियों समेत जमकर हंगामा किया गया। उनका आरोप था कि रियल एस्टेट कंपनी द्वारा उनसे पहले तो विदाउट रेरा रजिस्टर्ड के प्री बुकिंग कर फ्लैट बेचकर करीब 68 लाख रुपए पेमेंट ले ली गई। मगर दो साल बाद भी न तो फ्लैट दिए और न ही पेमेंट वापिस की। जिससे तंग आकर उनके परिवारिक सदस्य सुसाइड तक करने का प्रयास कर चुके हैं। हालांकि कंपनियों के अधिकारियों द्वारा निवेशक के साथ बातचीत कर किसी तरह मामला शांत किया गया। जानकारी के अनुसार रियल एस्टेट कंपनी चंडीगढ़ बेस्ड है। जिसकी और से साउथ सिटी रोड पर गांव बीरमी के पास अपनी टाउनशिप तैयार की जा रही है। उसी टाउनशिप में फ्लैट लेने को लेकर यह विवाद हुआ। मौके पर विरोध करने पहुंचे युवक सनी ने आरोप लगाया कि इसी तरह 5-6 और लोगों के साथ कंपनी द्वारा धक्केशाही की जा रही है।

ग्लाडा की आंखों के नीचे से बिक गए लॉट



कंपनी के ऑफिस में लगी लोगों की भीड़

### विदाउट रेरा नंबर के हुई थी बुकिंग

*युवक सनी ने बताया कि उसके ताऊ जगमोहन सिंह बाड़ेवाल रहते हैं। उनकी और से अपनी बेटी गगनदीप कौर के नाम पर तीन बीएचके का फ्लैट बुक किया था। जिसकी एवज में कंपनी ने उनसे करीब 68 लाख रुपए लिए। सनी का आरोप है कि तब कंपनी रेरा रजिस्टर्ड भी नहीं थी। बुकिंग के समय कंपनी ने छह महीने में फ्लैट तैयार करके देने का वादा किया था। लेकिन ऐसे कुछ नहीं हुआ। अभी भी फ्लैट बनकर तैयार नहीं हुए और टाउनशिप का निर्माण कार्य चल रहा है।*

### कर्ज लेकर दी पेमेंट, छह महीने से कर रहे टाल मटोल

सनी ने आरोप लगाया कि उसके ताऊ जगमोहन सिंह द्वारा कर्ज लेकर पेमेंट दी गई थी। फ्लैट तैयार न होने के चलते जगमोहन सिंह द्वारा कंपनी के अधिकारी राहुल मनोचा से संपर्क किया। वह अपनी पेमेंट वापिस मांग रहे थे। लेकिन कंपनी द्वारा पहले तो टाल मटोल की जा रह थी, फिर फोन उठाना ही बंद कर दिया गया। जिसके चलते जगमोहन सिंह दीमागी रूप से बेहद परेशान हो गए और वह खुदखुशी की कोशिश भी कर चुके हैं।



### निवेशक को किया जा रहा रिफंड

वहीं कंपनी के विमल सैनी का कहना है कि युवक द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है। कंपनी रेरा रजिस्टर्ड है। निवेशक द्वारा पहले इन्वेस्टमेंट की गई। लेकिन कुछ समय बाद घर में दिक्कत आने के चलते पेमेंट वापिस मांगी गई। कंपनी के यह नियम नहीं है, लेकिन फिर भी निवेशक को रिफंड किया जा रहा है। मैडम रोजी के जरिए पेमेंट दी जा रही है। वहीं मामले संबंधी कंपनी के अधिकारी राहुल मनोचा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग, भारी मात्रा में कपड़ा जला

लुधियाना/यूटर्न/7 अप्रैल। दिल्ली रोड पर मंगलवार को गेटसन इंटरनेशनल कपड़ा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में मौजूद सभी कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी हैं। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में कुछ देर पहले अचानक आग लगी। पहले फैक्ट्री वर्कर्स ने खुद बुझाने की कोशिश की, लेकिन जब आग फैली तो फायर ब्रिगेड को बुला दिया। पुलिस की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं। मालिक विकास ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जिससे अंदर कपड़ा, गत्ता और मशीनें जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में कपड़े के रोल पड़े थे। फायर अफसर आतिश राय ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे से फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी है। कपड़ों को आग लगने के कारण धुआं काफी हो गया है। आग पर अब काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।



## क्राइम ब्रांच ने वाहन चोर को किया काबू, सब्जी मंडी के बाहर खडी बाइक की थी चोरी, बाइक बरामद कर भेजा जेल

पंचकूला/यूटर्न/07 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार, पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने 29 मार्च थाना सेक्टर-14 में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 मार्च की रात करीब 1:15 बजे वह सेक्टर-14 की सब्जी मंडी में सब्जी लेने आया था और अपनी मोटरसाइकिल को अमर टैक्स रोड पर खड़ा किया था। जब वह वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 इन्चार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी नितेश (उम्र 23 वर्ष) निवासी अभयपुर, सैक्टर-9 पंचकूला को काबू किया। आरोपी अभी कालका में किराये के मकान में रह रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को स्वीकार किया, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह: इस मामले में आरोपी का एक अन्य साथी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। फिलहाल आरोपी को आज न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया कि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




## 17 वर्षीय अनाहिता जैन बनीं युवा प्रेरणा, संगीत से कर रहीं समाज सेवा

लुधियाना/यूटर्न/07 अप्रैल। शहर के प्रतिष्ठित गिरनार परिवार से संबंध रखने वाली 17 वर्षीय अनाहिता जैन एक प्रतिभाशाली और बहुमुखी छात्रा के रूप में उभर रही हैं। शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। युवा चैरिटी बैंड 'उड़ान' की लीड वोकलिस्ट के रूप में अनाहिता ने अपने संगीत को एक उद्देश्य से जोड़ दिया है।

पिछले वर्ष, उड़ान बैंड ने शहर के सबसे बड़े चैरिटी कार्निवल में प्रस्तुति देकर Act Humane Do Good Foundation के सहयोग से ₹7 लाख की धनराशि जुटाई। इस राशि से 20 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। यह पहल अनाहिता के दिल के बेहद करीब रही है।

इस मिशन को आगे बढ़ाते हुए 5 अप्रैल को 'मिशन के लिए मील' नामक मैराथन का आयोजन राजगढ़ एस्टेट्स में किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इसे शहर का अब तक का सबसे बड़ा मैराथन बताया जा रहा है। दौड़ के समापन पर अनाहिता और उनके साथियों—आदित्य पाहवा, अमाया सहनी, त्रिशिर अग्रवाल, कृष्णव पाहवा और उद्धव कपूर—ने लाइव प्रस्तुति दी। संगीत के अलावा, अनाहिता "Eye Spy" की सह-संस्थापक भी हैं, जो ड्रिंक स्पाइकिंग रोकने के उद्देश्य से कार्यरत है। उनका मानना है कि अगर संगीत से किसी की जिंदगी बेहतर हो सके, तो इससे बड़ी कोई उपलब्धि नहीं।



# आप ने राघव चड्ढा पर जोरदार हमला बोला, इखढ समर्थन में आई, क्या वह BJP में शामिल हो रहे हैं?

चंडीगढ़/यूटर्न/7 अप्रैल। आम आदमी पार्टी ने अपने ही नेता राघव चड्ढा पर जोरदार हमला बोल दिया है। पार्टी के नेता वीडियो शेयर करके पंजाब के इस सांसद की जमकर आलोचना कर रहे हैं। परसों तक, चड्ढा जो कभी अरविंद केजरीवाल के सबसे करीबी माने जाते थे, राज्यसभा में आम आदमी के मुद्दे उठा रहे थे। लेकिन फिर आप ने उन्हें उप-नेता के पद से हटा दिया, यह आरोप लगाते हुए कि वह ₹असली मुद्दे₹ नहीं उठा रहे थे। राघव चड्ढा को अब अपने ही पार्टी सहयोगियों के चौतरफा हमले का सामना करना पड़ रहा है। ये सहयोगी उन पर पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने से डरने और पार्टी के साथ खड़े न होने का आरोप लगा रहे हैं। ये वीडियो तब सामने आए जब चड्ढा ने अशोक मित्तल द्वारा अपनी जगह लिए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि यह कदम उन्हें चुप कराने की एक कोशिश थी। उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, पार्टी ने औपचारिक रूप से राज्यसभा सचिवालय से अनुरोध किया है कि उन्हें आप के कोटे के तहत बोलने से रोका जाए।



## आप नेताओं ने उठाए सवाल

आतिशी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने राघव चड्ढा से कुछ सवाल पूछे और उन पर इसी तरह के आरोप लगाए। आतिशी ने चड्ढा पर चुनाव आयोग, रक्कऔर वोटर लिस्ट से नाम हटाने के मुद्दों पर सवाल न उठाने का भी आरोप लगाया। तुम बीजेपी से इतना डरते क्यों हो? तुम पीएम मोदी के खिलाफ बोलने से क्यों डरते हो? तुम एक बड़े आदमी हो। तुम राज्यसभा सांसद हो, हो सकता है तुम्हें कोई दिक्कत न हो, लेकिन एलपीजी संकट की वजह से गरीब लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जब आप ने तुमसे एलपीजी सिलेंडर का मुद्दा उठाने को कहा था, तब तुम चुप रहे।

## आप नेता बनाम राघव चड्ढा

आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनुराग ढांडा ने कहा कि चड्ढा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इसके अलावा, जब पार्टी के अन्य सदस्य पीएम के संसदीय संबोधन के दौरान सदन से बाहर चले गए थे, तब भी चड्ढा अपनी सीट पर बैठे रहे थे। उन्होंने याद दिलाया कि जब गुजरात में आप कार्यकताओं को गिरफ़्तार किया गया था, तो चड्ढा ने सदन में यह मुद्दा नहीं उठाया था। उन्होंने कहा कि क्या सांसद साहब ने उन सैकड़ों आप कार्यकताओं के लिए आवाज उठाई, जिन्हें गुजरात पुलिस ने गिरफ़्तार किया है? जब आप सांसदों ने वॉकआउट किया, तब भी वह संसद में मौजूद रहे।

## केजरीवाल लोगों को करते हैं इस्तेमाल

दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चड्ढा को बहुत पहले ही बोलना चाहिए था और उन्होंने केजरीवाल पर लोगों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा को बहुत पहले ही अपनी चुप्पी तोड़ देनी चाहिए थी। अरविंद केजरीवाल में एक हुनर है, पहले वह लोगों का इस्तेमाल करते हैं और फिर उन्हें किनारे लगा देते हैं, उन्होंने चड्ढा की एक्स पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा। राज्यसभा में उप-नेता के पद से राघव चड्ढा को हटाना उनकी पार्टी का फैसला है और सभी पार्टियाँ ऐसे फैसले लेने के लिए आजाद हैं।

## राघव चड्ढा के लिए आगे क्या?

लोग अटकलें लगा रहे हैं कि आप से मिले झटकों के बाद चड्ढा इखढ में शामिल हो सकते हैं। हालाँकि, आप के अशोक मित्तल, जिन्होंने राज्यसभा में उनकी जगह ली है, ने कहा कि ये सिर्फ.अफवाहें हैं और उन्हें कहीं भी कोई नाराजगी नजर नहीं आई है। अपने ही बयान से, चड्ढा ने इशारा दिया कि उन्हें चुप करा दिया गया है, लेकिन हराया नहीं गया है। चड्ढा पंजाब से राज्यसभा के मौजूदा सांसद हैं। उन्हें अप्रैल 2022 में पंजाब विधानसभा द्वारा चुना गया था और उनका कार्यकाल अप्रैल 2028 में खत्म होगा।

# सेक्टर 23 में ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक आयोजित



चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एम.सी. एम्प्लाइज एंड वर्कर्स, चंडीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 23 में कमल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख मांगों में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरना, रिक्रूटमेंट रूल्स में संशोधन कर पदोन्नति के अवसर प्रदान करना, प्रशासन एवं नगर निगम में वर्ष 1996 के बाद नियुक्त डेली वेज कर्मचारियों को नियमित करना, शिक्षा विभाग में कार्यरत चौकीदारों के लिए 8 घंटे की ड्यूटी निर्धारित करना, एम.टी.एस. के नियमों में संशोधन कर पदोन्नति देना, चंडीगढ़ प्रशासन में कार्यरत डेली वेज कर्मचारियों को छठा एवं सातवां वेतन आयोग लागू करना, तथा आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सुरक्षित नीति बनाकर प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन सुनिश्चित करना शामिल हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ज्वाइंट एक्शन कमेटी की कॉन्फ्रेंस दिनांक 2 मई 2026 को सेक्टर 23 स्थित हॉर्टिकल्चर कार्यालय के समक्ष दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में सुरमुख सिंह, राजा राम, जगमोहन सिंह, सरवन डोगरा, कमल कुमार, कुलदीप सिंह, रविंदर विन्दु, याद राम, राम सिंह, सुरिंदर सिंह, महीपाल, सतनाम सिंह, संजय दूहन, जसवीर सिंह, राम मिलन एवं अश्वनी कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बीजेपी चंडीगढ़ प्रोफेशनल सेल ने नव-योग्य सीएमए का किया सम्मान



चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। बीजेपी चंडीगढ़ की प्रोफेशनल सेल द्वारा जीके इंटरनेशनल, चंडीगढ़ में वर्ष 2026 बैच के नव-योग्य कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (CMA) को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ बीजेपी नेता श्री रविंदर रैना, वरिष्ठ आरएसएस नेता एवं बीजेपी जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश इकाई के प्रथम अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री जतिंदर पाल मल्होत्रा, सीएमए राकेश भल्ला, सीएमए डॉ. बलविंदर सिंह, सीएमए तंजित कौर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री रविंदर रैना ने नव-योग्य सीएमए को बधाई देते हुए कहा कि वित्तीय पेशेवर देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान दे सकते हैं।

समारोह के दौरान नव-योग्य सीएमए को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में सीएमए राकेश भल्ला ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।


# धमाके की धमकी के बावजूद भाजपा अडिग, 47वां स्थापना दिवस जोश के साथ मनाया



जीरकपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के डेराबस्सी के नेता और प्रदेश सचिव संजीव खन्ना ने कहा कि चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय पर हुए धमाके जैसी धमकियों के बावजूद पार्टी ने अपना 47वां स्थापना दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। उन्होंने बताया कि इस तरह की घटनाएं उन ताकतों के लिए स्पष्ट संदेश हैं जो भाजपा को डराने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन ऐसी कोशिशें पार्टी के मनोबल को कभी भी डिगा नहीं सकतीं। संजीव खन्ना ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा ने अपने शुरूआती दौर में केवल दो सीटों के साथ सफर शुरू किया था, लेकिन आज यह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता पार्टी के सिद्धांतों और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ह्लसेवा, समर्पण और राष्ट्रवादह्व के संकल्प के साथ देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। संजीव खन्ना ने दावा किया कि पार्टी की नीतियों और कार्यशैली के कारण लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भी भाजपा अपना आधार मजबूत कर रही है और आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोड़ा कि भाजपा कार्यकताओं की मेहनत और लोगों के सहयोग से हर चुनौती का डटकर सामना करेगी। अंत में, संजीव खन्ना ने कहा कि धमकियों और दबाव के हथकंडे लोकतंत्र में कभी सफल नहीं हो सकते और भाजपा अपनी विचारधारा पर अडिग रहते हुए देश और पंजाब की भलाई के लिए काम करती रहेगी।

# जीरकपुर नगर परिषद में प्रधान उदयवीर ढिल्लों की नेम प्लेट हटाई, एसडीएम को जीरकपुर-डेराबस्सी का प्रशासक नियुक्त

जीरकपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। शहर की नगर परिषद में मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला, जब परिषद कार्यालय से पूर्व प्रधान उदयवीर ढिल्लों की नेम प्लेट हटा दी गई। इस कदम के साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि नगर परिषद का कार्यकाल पूरी तरह समाप्त हो चुका है और अब प्रशासन ने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। सरकार की ओर से जीरकपुर और डेराबस्सी नगर परिषद के लिए एसडीएम को प्रशासक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद अब नगर परिषद के सभी कार्य—चाहे वे विकास से जुड़े हों या प्रशासनिक निर्णय—प्रशासक के अधीन किए जाएंगे।



जानकारी के अनुसार, नगर परिषद का कार्यकाल पूरा होने के चलते हाउस को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रधान सहित सभी पार्षद अब पूर्व पदाधिकारी माने जाएंगे और उनकी प्रशासनिक शक्तियां समाप्त हो गई हैं। नगर परिषद कार्यालय में नेम प्लेट हटाने की कार्रवाई होते ही यह मामला चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों में इस बदलाव को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई—कुछ लोगों ने इसे प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया, जबकि कई ने शहर के विकास कार्यों की गति को लेकर चिंता भी जताई। अब शहर में सफाई, स्ट्रीट लाइट, पानी, सीवरेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन पर आ गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि प्रशासन शहर के विकास कार्यों को किस तरह आगे बढ़ाता है और लोगों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है।

# बेटे ने मां पर चढ़ाया ट्रैक्टर, पैर पकड़कर सड़क पर घसीटा, प्रॉपर्टी को लेकर विवाद

पंजाब/यूटर्न/7 अप्रैल। बठिंडा के गांव महिमा सरजा में संपत्ति और मशीनरी के बंटवारे को लेकर बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां को बेरहमी से पीटा। विवाद के दौरान जब मां ने ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की तो बेटा उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने से भी नहीं हिचकिचाया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बेटा अपनी घायल मां को ट्रैक्टर के नीचे से घसीटकर सड़क किनारे फेंकता नजर आ रहा है। फिलहाल महिला अस्पताल में उपचाराधीन है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, नसीब कौर और उनके बेटे कुलदीप सिंह के बीच लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद था। घटना वाले दिन आरोपी कुलदीप सिंह ट्रैक्टर



लेकर खेत या कहीं बाहर जा रहा था। अपनी मांग और हक के लिए नसीब कौर ने उसे रोकने का प्रयास किया और विरोध जताने के लिए ट्रैक्टर के टायर के आगे लेट गई। गली में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में साफ दिख रहा है कि कुलदीप सिंह ने ट्रैक्टर नहीं रोका। ट्रैक्टर का अगला हिस्सा मां के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह बाल-बाल बचीं लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आईं।

### टांगों से पकड़कर घसीटा, फिर फरार हो गया

मां को तड़पता देख भी बेटे का दिल नहीं पसीजा। उसने नीचे उतरकर अपनी मां की मदद करने के बजाय, उन्हें टांगों से पकड़कर ट्रैक्टर के नीचे से घसीटते हुए साइड पर कर दिया और मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद घायल नसीब कौर को तुरंत सिविल अस्पताल गोनियाना में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, महिला को शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोटें आई हैं।

## सेल्सगर्ल को पति ने चाकू से गोदा, ऑटो से उतरते ही घेरा, पीठ-कमर पर 6 वार किए

पंजाब/यूटर्न/7 अप्रैल। मोहाली के न्यू चंडीगढ़ में एक कपड़ों के शोरूम में काम करने वाली सेल्सगर्ल को उसके पति ने चाकू से गोद दिया। उसकी पीठ और कमर के ऊपरी हिस्से पर 6 वार किए। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पति चाकू मारते हुए दिख रहा है। पत्नी के आने से पहले ही पति सुबह करीब 11 बजे शोरूम के बाहर पहुंच गया था। इसी वक्त पत्नी ऑटो से आई और नीचे उतरने लगी। तभी पति ने पूछा- क्या चाहती हो? इस पर महिला ने जवाब दिया- मैं लड़के का हक चाहती हूं। यह सुनकर वह गुस्से में आ गया और उस पर हमला कर दिया। जख्मी महिला को गंभीर हालत में चंडीगढ़ के सेक्टर-16 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आरोपी हीरा लाल के खिलाफ मुल्लांपुर थाने में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। जख्मी की पहचान प्रियंका (28) के नाम से हुई।



### मायके रहती थी पीड़िता

प्रियंका की शादी पंचकूला के रहने वाले हीरा लाल से हुई थी, लेकिन कई बार झगड़े होने के कारण वह मायके में जाकर रहने लगी। इसके बाद उसने कोर्ट में केस कर दिया। कोर्ट ने हर महीने पांच हजार रुपए खर्च देने के आदेश दिए थे। इसी बात को लेकर वह नाराज चल रहा था।

## एल टी एस यू पंजाब और क्यू स्पाइडर्स (Qspiders) ने पार्टनरशिप में लेटेस्ट टेक प्रोग्राम लॉन्च किए



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब और क्यू स्पाइडर्स एडुवर्सिटी ने नई टेक्नोलॉजी में इंडस्ट्री से जुड़े प्रोग्राम देने के लिए हाथ मिलाया है। इस पार्टनरशिप का मकसद रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, अकके साथ फुल स्टैक डेवलपमेंट और टेस्टिंग, और फिनटेक और डेटा एनालिटिक्स जैसे एरिया में स्किल की कमी को पूरा करना है।

B.Tech, M.Tech, BCA, MCA, और MBA जैसे प्रोग्राम स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री के लिए जरूरी स्किल और हाई-एंड टेक्नोलॉजी में हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस देने पर फोकस करते हैं। स्टूडेंट्स को प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, इंटर्नशिप और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक्सपर्ट गाइडेंस से फायदा होगा। कोर्स में एडमिशन मेरिट के आधार पर होगा। कंपनी युवाओं को सफल करियर बनाने के लिए एक प्लेटफॉर्म देती है।

## कार में बैठकर लैपटॉप से सट्टा चला रहा आरोपी काबू

जीरकपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। ढकोली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार में बैठकर लैपटॉप और मोबाइल के जरिए सट्टा (जुआ) चला रहे एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान शिवा भाटिया निवासी मेट्रो टाउन, पीरमुछल्ला के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान एक मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी होटल ड्रीम इन, ढकोली के पास खाली जगह पर अपनी कार में बैठकर सट्टा चला रहा है। वह लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को अधिक पैसे का लालच देकर गुमराह करता था और उनसे दांव लगवाता था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी के खिलाफ पंजाब गैम्बलिंग एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में शामिल था और लोगों को झांसे में लेकर अवैध तरीके से पैसे कमा रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और इस सट्टा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## न्यू यंग फाइव स्टार क्लब का 39वां भगवती जागरण 18 अप्रैल को - राजेश जैन बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/7 अप्रैल। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ व माता वैष्णों देवी चेरीटेबल अस्पताल की ओर से 39वां विशाल भगवती जागरण इस बार 18 अप्रैल दिन शनिवार को एस.ए.एन. जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, नजदीक दरेसी ग्राऊंड में बड़ी धूमधाम व श्रद्धापूर्वक करवाया जा रहा है। जागरण की तैयारियां क्लब के सदस्यों की ओर से शुरू कर दी गई है। यह जानकारी क्लब के प्रधान युवारत्न राजेश जैन बॉबी ने दी। उन्होंने बताया कि यह जागरण संत समाज की अध्यक्षता में करवाया जा रहा है। इसके अलावा जागरण में महानगर की विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि विशेष रूप से शामिल होंगे। जागरण में प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल व कुमार संजीव मां का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि जागरण में मां का भव्य दरबार देखने योग्य होगा। जागरण में मां की पवित्र जोत मां ज्वाला जी से लाई जाएगी। इस मौके चेयरमैन राजेश जैन मोनिका, चेयरमैन कपिल जैन, उपचेयरमैन मदन मोहन सोनी, वरिष्ठ उपप्रधान संदीप बहल एडवोकेट, हरविन्द्र सिंह हैप्पी, सचिन जैन, राकेश टंडन, राजीव जैन, अंकित जैन, गौरव जैन सी.ए.,धीरज जैन डब्बू,अमन जैन, वरूण, लवली भंडारी, सार्थक जैन आदि मौजूद रहे।

## पंजाब में 10वीं-12वीं पास न करने वाले को मर्सी चांस, PSEB का फैसला, 27 अप्रैल से होंगे रजिस्ट्रेशन

पंजाब/यूटर्न/7 अप्रैल। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीद वर्ष के उपलक्ष्य में बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने 15 साल यानी 2010 से लेकर अब तक 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अपीयर होकर पास न करने वाले स्टूडेंट्स को गोल्डन चांस दिया है। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने छात्रों से अपील की है कि इस मौके का छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा कि यह विशेष मौका उन छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है जो कई प्रयासों के बावजूद अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर पाए।



## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की पहली एनिवर्सरी पर ब्लड डोनेशन कैंप और पेड़ लगाए गए




जीरकपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी, एमकेयर हॉस्पिटल जीरकपुर के साथ मिलकर जीरकपुर में अंबाला हाईवे के पास अपने शोरूम में एक ब्लड डोनेशन कैंप सफलतापूर्वक ऑर्गनाइज किया। यह इनिशिएटिव कंपनी की चल रही कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) कोशिशों के तहत किया गया। कैंप में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें लगभग 50 डोनर्स ने ब्लड दिया। कंपनी ने सुखना चो, गाजीपुर, जीरकपुर में 50 पौधे लगाकर पेड़ लगाने का अभियान भी चलाया। इसके अलावा, आउटरीच प्रोग्राम के तहत जरूरतमंद लोगों में खाना बांटा गया। इस मौके पर हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एम डी , घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि यह पहल जीरकपुर शोरूम की पहली एनिवर्सरी है। उन्होंने कहा, ह्लपिछले साल हमारे शोरूम लॉन्च के समय, हमने जरूरतमंदों को खाना खिलाने, हर अंनिवर्सरी पर एक पेड़ लगाने और सी एस आर एक्टिविटीज के जरिए माइलस्टोन्स को बढ़ाने के जरिए समाज को कुछ वापस देने का वादा किया था। इस खास मौके को मनाने के लिए, हमने कम्युनिटी में पॉजिटिव योगदान देने के लिए ब्लड डोनेशन कैंप, पेड़ लगाने की ड्राइव और खाना बांटने का आयोजन किया। ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी के प्रेसिडेंट, सुमित भारद्वाज ने पर्यावरण बचाने में मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सोसाइटी ने एम सी जीरकपुर के तहत 23 एकड़ जमीन पर पहले ही 25,000 से ज्यादा पौधे लगाए हैं और 2031 तक 10 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा, हम इस विजन को पाने के लिए ऑर्गनाइजेशन्स के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। इस इवेंट में ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी से केके सोनी, जगवीर मेहला, अक्षय कोशिश और सुखदा; किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी से प्रकाश पुरोहित; और एमकेयर हॉस्पिटल से डॉ. कार्तिक समेत कई जाने-माने लोग शामिल हुए।

# प्री-हाउस मीटिंग में कांग्रेस की रणनीति तय, 116 करोड़ के कथित घोटाले समेत कई मुद्दे सदन में उठाने का फैसला

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पार्षदों की एक महत्वपूर्ण प्री-हाउस बैठक आज प्रदेश अध्यक्ष एच.एस. लकी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी नगर निगम सदन की बैठक को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर निगम में हुए लगभग 116 करोड़ रुपये के कथित घोटाले का मुद्दा कांग्रेस पार्टी सदन में आक्रामक तरीके से उठाएगी। पार्षदों ने सवाल उठाया कि भाजपा शासन में इतना बड़ा वित्तीय घोटाला कैसे हो गया। कांग्रेस ने इसे जनता के पैसे की खुली लूट करार देते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की।



इसके अलावा, हाउसिंग बोर्ड के मकानों में हाल ही में की जा रही तोड़फोड़ पर भी कांग्रेस ने गहरी चिंता जताई। पार्षदों ने निर्णय लिया कि इस मुद्दे पर सदन के भीतर जोरदार विरोध दर्ज कराया जाएगा और प्रशासन से इसे तत्काल रोकने की मांग की जाएगी। बैठक में शहरवासियों पर बढ़ते बिजली बिलों के बोझ को लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि बिजली वितरण के निजीकरण के बाद बिलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता परेशान है। पार्टी इस मुद्दे को भी प्रमुखता से सदन में उठाएगी।

साथ ही, शहर में सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा शासित नगर निगम को घेरा गया। पार्षदों ने कहा कि निर्माण और मरम्मत कार्य ठप पड़े हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के अंत में सभी पार्षदों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे शहर के हर ज्वलंत मुद्दे को मजबूती और तथ्यों के साथ सदन में उठाएंगे और जनता के हितों की आवाज बुलंद करेंगे।

## इंदिरा कॉलोनी की जर्जर सड़कों का मुद्दा उठा, डिप्टी मेयर ने किया दौरा; एक हफ्ते में काम शुरू करने का आश्वासन



चंडीगढ़/यूटर्न/07 अप्रैल। इंदिरा कॉलोनी की खस्ता हाल सड़कों को लेकर स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बीच आज डिप्टी मेयर सुमन अमित शर्मा ने क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ रोड विंग के एसडीओ बलराज छिकारा, जेई संदीप और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान स्थानीय लोगों ने खराब सड़कों की समस्या को विस्तार से उठाया और जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि जर्जर सड़कें आने-जाने में भारी परेशानी का कारण बन रही हैं। निरीक्षण के बाद डिप्टी मेयर सुमन अमित शर्मा ने कहा कि इंदिरा कॉलोनी की सड़कों की स्थिति गंभीर है और इसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण का कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने भी मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए जल्द काम शुरू करने की प्रक्रिया तेज करने की बात कही। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई कि अब उनकी समस्या का समाधान जल्द होगा।

# एशिया की दूसरी सबसे बड़ी अनाज मंडी जगरांव में गेहूं की सरकारी खरीद का औपचारिक आगाज

## विधायक सरबजीत कौर मानूंके की मौजूदगी में पहली ढेरी की खरीद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अप्रैल। एशिया की दूसरी सबसे बड़ी अनाज मंडी के रूप में प्रसिद्ध जगरांव की दाना मंडी में आज रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की सरकारी खरीद का औपचारिक तौर पर शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर हलका जगरांव से विधायक बीबी सरबजीत कौर मानूंके विशेष रूप से पहुंचीं और उनकी उपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गेहूं की पहली बोली लगवाकर सीजन की शुरूआत करवाई गई।

मंडी में गेहूं की फसल लेकर पहुंचे गांव राऊवाल के किसान रविंदर सिंह (पुत्र सुरिंदर सिंह) की फसल की खरीद हाजमींदार ट्रेडर्सह्न (आढ़ती) के माध्यम से की गई। यह खरीद सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से हुई। खरीद की शुरूआत के मौके पर विधायक मानूंके ने उपस्थित अधिकारियों और आढ़तियों का मुंह मीठा करवाकर सीजन के सफल संचालन की कामना की। इस दौरान विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिनमें पनग्रेन के डीएफएसओ बेअंत सिंह और जसपाल सिंह, मार्कफेड के मैनेजर जसवंत सिंह, पनसप के मैनेजर हरप्रीत सिंह, वेयरहाउस से विजय कुमार, मार्केट कमेटी के सचिव गुरविंदर सिंह और लेखाकार रविंदर पब्बी शामिल थे।



**किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा: विधायक मानूंके**...पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक मानूंके ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार किसानों और आढ़तियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मंडियों में अपनी मेहनत से उगाई फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि किसी किसान या आढ़ती को कोई समस्या आती है तो उसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर तुरंत किया जाएगा, क्योंकि सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### प्रबंध पूरे, बारदाने की कोई कमी नहीं

खरीद प्रबंधों के बारे में जानकारी देते हुए पनग्रेन के डीएफएसओ बेअंत सिंह ने बताया कि गेहूं के मौजूदा सीजन को ध्यान में रखते हुए संबंधित एजेंसियों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंडियों में बारदाने या अन्य जरूरी सामग्री की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। दूसरी ओर, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान जगपाल सिंह कलेर ने कहा कि आढ़ती समुदाय किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे सरकार और प्रशासन के साथ पूरा तालमेल बनाकर काम करेंगे ताकि किसानों को आने वाली किसी भी समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा आढ़ती एसोसिएशन के सरपरस्त प्रो. सुखविंदर सिंह ह्यसुखीह्न, चेयरमैन सुरजीत सिंह कलेर, सचिव प्रहलाद सिंगला, दर्शन सिंह सिद्धवां, हरपाल सिंह हांस, मनजिंदर सिंह खेहरा, विश्व रतन, धर्मिंदर भारद्वाज, राजेश बांसल, मंगत राय बांसल, दीदार सिंह मल्क, नितिन बबलू, धीरज वर्मा, अरुण कोहली, कुलविंदर सिंह, रमेश बांसल, जगमीत सिंह बुट्टर, मनोज कुमार, संदीप बांसल, वनीत कुमार, नीटा अग्रवाल, गौरव मैणी, बलविंदर सिंह भंमीपुरा, करण मित्तल, परमजीत सिंह पम्मा, महिंदर सिंह खुदाई चक्क, परमजीत सिंह हांस, रमेश कुमार गोयल, सोनू ढंड, निर्मल कुंदरा, तरसेम लाल, बूटा सिंह विरक, राहुल सिंह, कुलदीप सिंह शेख दौलत, जर्नैल सिंह रसूलपुर, रणजीत सिंह बल्ल, नरेश थापड़ और राहुल बांसल सहित काके कलां से किसान यूनियन के प्रधान जगरूप सिंह अपने साथियों समेत उपस्थित रहे।

## जीरकपुर में सजी सुरों की महफिल, 50 से अधिक कलाकारों ने बिखेरा संगीत का जादू



पुनीत महाजन

चंडीगढ़/जीरकपुर। ट्राइसिटी के साथ लगते जीरकपुर के एक निजी होटल में आयोजित भव्य म्यूजिकल कार्यक्रम में सुरों की ऐसी महफिल सजी कि दर्शक घंटों तक सदाबहार नगमों पर झूमते रहे। कार्यक्रम का आयोजन गायिका अनुपमा गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें ट्राइसिटी के साथ हरियाणा और पंजाब से आए करीब 50 गायक-गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह करीब साढ़े दस बजे मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर राकेश मित्तल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका आयोजक अनुपमा गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं वेद बागड़ी द्वारा दिए गए शानदार संगीत ने पूरे आयोजन में चार चांद लगा दिए।

करीब पांच घंटे तक चले इस म्यूजिकल इवेंट में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का माहौल इतना खुशनुमा रहा कि समय का पता ही नहीं चला। इस आयोजन में ट्राइसिटी के अलावा कालका, पिंजौर, अंबाला, कैथल, रुड़की और पटियाला सहित कई शहरों से कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने आयोजक की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि उभरती प्रतिभाओं को मंच देने का भी काम करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक अनुपमा गुप्ता ने सभी कलाकारों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

# उद्योगपतियों से सीधा संवाद, पंजाब सरकार का बड़ा भरोसा

## ग्रीन एनर्जी और नई भर्ती के साथ पंजाब की इंडस्ट्री को बड़ा बूस्ट : मंत्री अरोड़ा





खन्ना/लुधियाना, 7 अप्रैल। पंजाब सरकार की नई औद्योगिक नीति राज्य को निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। खन्ना में आयोजित जिला स्तरीय एमएसएमई स्टेकहोल्डर इंटरैक्शन मीट में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने उद्योगपतियों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मुद्दों का मौके पर समाधान किया।

मंत्री ने कहा कि राज्य की प्रगतिशील औद्योगिक नीति के चलते अब महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों के उद्योगपति भी पंजाब की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड निवेश हुआ है, जिससे करीब 1.35 लाख रोजगार सृजित होंगे। साथ ही 2026-27 के लिए 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य को पार करने का विश्वास जताया गया।

सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए करीब 20 तरह के इंसेंटिव लागू किए हैं, जबकि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। बिजली क्षेत्र में 5 से 6 हजार नई भर्तियां जल्द शुरू होंगी और राज्य को पावर सरप्लस बनाए रखने के लिए बड़े स्तर पर निवेश किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में पंजाब 85 प्रतिशत बिजली उत्पादन ग्रीन एनर्जी स्रोतों—सोलर और बैटरी स्टोरेज—से करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उद्योगों के विकास और पर्यावरण संतुलन दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी।

# पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में बलजिंदर मान ने दोआबा का मान बढ़ाया

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में वाइस चांसलर डॉ. जगदीप सिंह के संरक्षण में पंजाबी विभाग और प्रकाशन ब्यूरो के संयुक्त प्रयास से 12वें पांच दिवसीय पुस्तक मेले और साहित्य उत्सव का आयोजन विभाग प्रमुख डॉ. राजवंत कौर पंजाबी के नेतृत्व में शानदार ढंग से किया गया। इस अवसर पर जहां देशभर के प्रकाशक अपनी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाने पहुंचे, वहीं पांच दिनों तक साहित्य, कला और संस्कृति के विभिन्न विषयों से संबंधित देश के विशेषज्ञ साहित्यकार और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संगीतमय शामों के दौरान रंजीत कौर, गुलशन कोमल, सुखी बराड़ और देबी मखसूसपुरी जैसे कलाकारों ने खूब रौनक लगाई।



इस उत्सव के पांचवें दिन, आयोजकों ने समय की मांग को देखते हुए 'बाल साहित्य संवाद' के रूप में एक नई और स्वस्थ पहल की। इस स्तर पर बाल साहित्य की चर्चा किसी यूनिवर्सिटी में पहली बार आयोजित की गई। प्रबंधकों द्वारा यूनिवर्सिटी स्तर पर शुरू किये गए इस नए अध्याय में पंजाब के प्रमुख बाल साहित्य लेखक विशेष रूप से उपस्थित हुए, जिनमें अमृतसर से प्रसिद्ध उपन्यासकार नानक सिंह के पुत्र डॉ. कुलबीर सिंह सूरी, 'बाल संदेश' के संस्थापक संपादक गुरबख्श सिंह प्रीतलड़ी के पुत्र हृदयपाल सिंह, चंडीगढ़ से मनमोहन सिंह दाऊँ, पटियाला से डॉ. दर्शन सिंह आश्ट (सभी साहित्य अकादमी और शिरोमणि बाल साहित्य पुरस्कार विजेता) और दोआबा का प्रतिनिधित्व 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज एकमात्र पंजाबी बाल पत्रिका 'निक्कियां करुबलां ' के संपादक और शिरोमणि बाल साहित्य लेखक बलजिंदर मान (माहिलपुर, जिला होशियारपुर) ने किया।

# पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में बलजिंदर मान ने बढ़ाया दोआबा का मान

होशियारपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में वाइस चांसलर डॉ. जगदीप सिंह के संरक्षण में पंजाबी विभाग और प्रकाशन ब्यूरो द्वारा 12वां पांच दिवसीय पुस्तक मेला और साहित्य उत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया। विभाग प्रमुख डॉ. राजवंत कौर पंजाबी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के प्रकाशकों ने अपनी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई, वहीं साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता की। संगीतमय शामों में रंजीत कौर, गुलशन कोमल, सुखी बराड़ और देबी मखसूसपुरी ने प्रस्तुति देकर माहौल को जीवंत बनाया। उत्सव के पांचवें दिन 'बाल साहित्य संवाद' की नई पहल ने विशेष आकर्षण पैदा किया। 'बाल साहित्य का संकट: गुणवत्ता या



कमी' विषय पर आयोजित इस चर्चा में डॉ. कुलबीर सिंह सूरी, हृदयपाल सिंह, मनमोहन सिंह दाऊं, डॉ. दर्शन सिंह आष्ट और दोआबा का प्रतिनिधित्व करते हुए 'निक्कियां करुबलां' के संपादक बलजिंदर मान ने भाग लिया। वक्ताओं ने बाल साहित्य के महत्व पर जोर देते हुए इसे भाषा और संस्कृति के विकास की नींव बताया। इस दौरान बलजिंदर मान ने न केवल संवाद को प्रभावी ढंग से संचालित किया, बल्कि दोआबा और होशियारपुर का नाम भी रोशन किया। कार्यक्रम में शामिल साहित्यकारों को सम्मानित किया गया तथा बाल साहित्य से जुड़ी पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया।

# पुलिस टीम पर पथराव कर हिरासत से छुड़ाया आरोपी, दो पुलिसकर्मी जख्मी




अमृतसर/यूटर्न/7 अप्रैल। अमृतसर में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटना सामने आई है। यह घटना तब घटी जब पुलिस की एक टीम 30 मार्च को भिंडी सैदा पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड के हमले के सिलसिले में मनजीत सिंह से पूछताछ करने उसके घर पहुंची। मनजीत के खिलाफ 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे फरवरी में जमानत पर रिहा किया गया था। जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल को पुलिस टीम जैसे ही मनजीत सिंह के घर पहुंची, वहां माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि मनजीत सिंह के परिवार के सदस्यों ने पुलिस टीम पर अचानक ईट-पत्थरों से हमला कर दिया। यह हमला इतना तेजी से किया गया कि पुलिस टीम को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

## मनजीत सिंह को छुड़ा फरार हुए हमलावर

इस दौरान हमलावरों ने न केवल पुलिस पर पथराव किया, बल्कि मौके का फायदा उठाकर मनजीत सिंह को भी छुड़ा लिया और मौके से फरार हो गए। इस घटना में 2 पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए मनजीत सिंह सहित कुल 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है और पुलिस का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



Uturn Time 08 Apr 2026_Layout 2 07-Apr-26 11:15 PM Page 12



# ईरान के हमलों से दुबई के प्रॉपर्टी बाजार में गिरावट, यूएई ने ईरानियों को बनाया निशाना, निजी संपत्ति हो सकती जब्त

चंडीगढ़/यूटर्न/7 अप्रैल। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ ईरान के लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों ने एक ऐसी प्रतिक्रिया शुरू कर दी है, जिसका असर अब दुबई के प्रॉपर्टी बाजार पर पड़ रहा है। इससे शहर के उस पुराने दावे पर नए सिरे से चिंताएँ खड़ी हो गई हैं कि यह वैश्विक पूंजी के लिए एक सुरक्षित ठिकाना है।

इन हमलों के जवाब में, यूएई ने ईरान से जुड़ी संपत्तियों और रेजिडेंसी पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने 300 अरब डॉलर से लेकर 530 अरब डॉलर के बीच अनुमानित विशाल संपत्तियों, जिसमें रियल एस्टेट, बैंक खाते और निवेश शामिल हैं, को फ्रीज या जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है; यहाँ तक कि दुबई में रहने वाले ईरानियों की निजी संपत्ति भी इससे प्रभावित है। इसके साथ ही, संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़े रेजिडेंसी परमिट, जैसे कि 'गोल्डन वीजा', बड़ी संख्या में रद्द कर दिए गए हैं, जबकि दुबई में ईरानियों द्वारा चलाए जा रहे संस्थानों को बंद कर दिया गया है।



## प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी गिरावट

संघर्ष बढ़ने के बाद से, महज तीन हफ़्तों के भीतर ही कुछ लक्जरी सेगमेंट में प्रॉपर्टी की कीमतों में 25% से भी ज्यादा की गिरावट आ गई है। एक नया बना हुआ दो-बेडरूम वाला अपार्टमेंट, जिसकी शुरूआती कीमत 1.2 मिलियन पाउंड थी, अब लगभग 900,000 पाउंड में दोबारा लिस्ट किया गया है, जो कि 26.7% की गिरावट को दर्शाता है। एक अन्य मामले में, लनाई आइलैंड के खास इलाके में स्थित एक विला की मूल कीमत, जो 22 मिलियन पाउंड थी, में से 2.3 मिलियन पाउंड की कटौती कर दी गई है।

## लोग दबाव को कर रहे महसूस

निजी तौर पर प्रॉपर्टी बेचने वाले लोग भी इस दबाव को महसूस कर रहे हैं। रियलिटी टीवी स्टार सैम गोवलैंड ने, संघर्ष के तेज होने से कुछ ही समय पहले, अपने दुबई वाले विला को 2 मिलियन पाउंड से अधिक की कीमत पर बिक्री के लिए बाजार में उतारा था। उन्होंने इस विला को लगभग 1.5 मिलियन पाउंड में खरीदा था और इसके नवीनीकरण पर भारी-भरकम रकम खर्च की थी; ऐसे में इसकी कीमत में 25% की गिरावट का मतलब है कि उन्हें लगभग 500,000 पाउंड का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## सुरक्षित ठिकाना होने की छवि पर संकट

सैन्य तनाव में बढ़ोतरी और विदेशी संपत्तियों के खिलाफ सरकारी कार्रवाई, इन दोनों के एक साथ पड़ने वाले असर ने निवेशकों के सामने दुबई के मूल प्रस्ताव की विश्वसनीयता को कसौटी पर खड़ा कर दिया है। सालों से, इस अमीरात ने खुद को धन-संपत्ति के लिए एक राजनीतिक रूप से तटस्थ और स्थिर ठिकाने के तौर पर प्रचारित किया है, एक ऐसा ठिकाना जो क्षेत्रीय संघर्षों से काफी हद तक अछूता रहता है। हालाँकि, मौजूदा संकट से यह संकेत मिलता है कि यह 'सुरक्षा कवच' शायद उतना मजबूत नहीं है, जितना पहले समझा जाता था। प्रॉपर्टी की गिरती कीमतें, साथ ही एसेट्स पर रोक और वीजा रद्द होना, एक बड़े बदलाव की ओर इशारा करते हैं : दुबई के बाजार में अब भू-राजनीतिक जोखिम को भी कीमतों में शामिल किया जा रहा है।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने यूएस में हरियाणा के गैंगस्टर भानु राणा की हत्या का दावा किया, उसे गद्दार बताया

चंडीगढ़/यूटर्न/7 अप्रैल। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के जरिए अमेरिका के कैलिफोर्निया में हरियाणा के गैंगस्टर भानु राणा की कथित हत्या की ज़िम्मेदारी ली है, हालांकि अधिकारियों की तरफ से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गैंग से जुड़े अकाउंट्स से की गई इस पोस्ट में हमलावरों ने दावा किया कि एक साल पहले हमने ऐलान किया था कि हम भानु राणा को खत्म कर देंगे... जो कोई भी देश के खिलाफ काम करेगा, उसे मार दिया जाएगा, चाहे वह कहीं भी छिपा हो। इस संदेश में राणा को ₹गद्दार₹ बताया गया और आरोप लगाया गया कि वह विरोधी गैंग्स को जानकारी दे रहा था। इसमें यह चेतावनी भी दी गई कि जो लोग देश के दुश्मनों का साथ दे रहे हैं, वे ₹तैयार रहें, मौत कभी भी आ सकती है। इस पोस्ट से गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं, लेकिन इसकी सच्चाई और राणा की हत्या के दावे की अभी तक किसी स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। करनाल का रहने वाला एक युवक, जो फिलहाल कैलिफोर्निया में रह रहा है, उसने कथित तौर पर कहा है कि ऐसी किसी घटना की स्थानीय स्तर पर कोई पुष्टि नहीं हुई है, जिससे गैंग के दावों पर संदेह पैदा होता है।



## राणा का लंबा आपराधिक इतिहास

करनाल ज़िले का मूल निवासी राणा का एक लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि उसका नाम पहली बार 2015 में मारपीट के मामलों में सामने आया था। 2018 में, उस पर अवैध हथियार रखने और हिंसक झड़पों में शामिल होने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। पिछले कुछ सालों में, उस पर व्यापारियों, जौहरियों और इमिग्रेशन व्यवसायों से रंगदारी मांगने के मामलों में शामिल होने का आरोप लगा, जबकि 2020 और 2022 के बीच गोलीबारी और शूटआउट की कई घटनाओं ने संगठित अपराध नेटवर्क में उसकी मौजूदगी को और पुख्ता कर दिया।

## राणा पहले बिश्नोई गैंग का हिस्सा था

जांचकताओं का कहना है कि राणा पहले बिश्नोई गैंग से जुड़ा था, लेकिन बाद में वह उससे अलग हो गया और कथित तौर पर विरोधी गैंग्स से हाथ मिला लिया, जिसकी वजह से वह उनका निशाना बन गया। माना जाता है कि 2023 में, वह जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके अमेरिका भाग गया था। हरियाणा ऱ्लक्र्ने जून 2025 में उसके साथियों को हैंड ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार भी किया था, जिससे हथियारों की सप्लाई के बड़े नेटवर्क से उनके तार जुड़े होने का खुलासा हुआ था। अधिकारियों ने कहा कि राणा की कथित हत्या की किसी भी पुष्टि के लिए अमेरिकी अधिकारियों से मिलने वाली जानकारी और आगे की जांच पर निर्भर रहना होगा।

# जीरकपुर में गहराता जल संकट: करीब 820 फीट तक बोरिंग के बावजूद नहीं मिला पर्याप्त पानी, गर्मियों में हालात बिगड़ने के आसार



जीरकपुर/यूटर्न/07 अप्रैल। शहर में इस बार गर्मियों के दौरान गंभीर जल संकट खड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। लगातार गिरते भूजल स्तर ने प्रशासन और स्थानीय लोगों दोनों की चिंता बढ़ा दी है। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर परिषद द्वारा बलटाना स्थित हरमिलाप नगर फेज-1 में लगाया जा रहा नया ट्यूबवेल भी पूरी तरह असफल साबित हुआ है। जानकारी के अनुसार, सितंबर 2025 में इस परियोजना की शुरूआत की गई थी। नगर परिषद की ओर से क्षेत्र में पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए नए ट्यूबवेल की योजना बनाई गई थी, ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। इसके तहत करीब तीन महीनों तक लगातार बोरिंग का कार्य चला।

ठेकेदार कुलदीप सिंह ने बताया कि दो अलग-अलग स्थानों पर करीब 250-250 मीटर गहराई तक बोरिंग की गई, लेकिन दोनों ही जगह पर्याप्त जल स्रोत नहीं मिला। इतनी गहराई तक खुदाई के बावजूद पानी न मिलना इस बात का संकेत है कि इलाके में भूजल स्तर बेहद नीचे जा चुका है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले जहां कम गहराई पर ही पानी मिल जाता था, अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आने वाले समय में पेयजल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, तेजी से हो रहे शहरीकरण, अनियंत्रित निर्माण और वर्षा जल संचयन की कमी के चलते भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

# सिद्धवां बेट में काउंटर इंटेलिजेंस की कार्रवाई



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अप्रैल। जगरांव के नजदीक गांव सिद्धवां बेट इलाके में उस समय हलचल मच गई जब काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर की टीम ने एक स्थान पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान दो युवकों को हिरासत में लेकर आगे की जांच के लिए जालंधर ले जाया गया। कथित तौर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम सिविल वर्दी में मौके पर पहुंची और एक कमरे में रह रहे दो व्यक्तियों को अपने हिरासत में लिया। इस दौरान संबंधित स्थान की तलाशी भी ली गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक तलाशी के दौरान कुछ संदिग्ध नशीले पदार्थ, वेपन और कारतूस मिलने के संकेत हैं। वहीं कुछ अन्य सूत्रों के अनुसार मौके से अन्य संदिग्ध सामग्री मिलने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि, इन दावों की अभी तक किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372